**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), खलीलाबाद स्थान–बस्ती**
**मूलवाद सं० 261/2020**
**केशराम बनाम शेषराम**
C.N.R.No. UPBS120003222020

<u>25.08.2020</u>

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र कागज सं० 6ग२ पर वादी के विद्वान अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना तथा पत्रावली का सम्यक परिशीलन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि वादी द्वारा विवादित भूमि अक्षरान ए,बी,सी,डी प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र एवं उसमें स्थित निर्माण के 2/3 भाग के संबंध में अस्थायी निषेधाज्ञा की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। वादी द्वारा अपने अभिकथन के समर्थन में सबूत सूची कागज सं० 10ग1 द्वारा छायाप्रति दस्तावेज बैनामा कागज सं० 11ग1/1 लगायत 11ग1/5, नकल खतौनी कागज सं० 13ग1, दाखिल की गयी है। वादी द्वारा प्रस्तुत वाद बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के अनुतोष हेतु दाखिल किया गया है। पक्षकार एक ही वंशवृक्ष के सदस्य हैं। अतः ऐसी स्थिति में बिना प्रतिवादी को सुने एकपक्षीय आदेश पारित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

**<u>आदेश</u>**

प्रतिवादी को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 6ग२ दिनांक–07.09.2020 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती
(J.O.Code UP 2289)

**<u>निस्तारण प्रार्थना पत्र 8ग२</u>**

वादी द्वारा प्रार्थना पत्र कागज सं० 8ग2 प्रतिवादी पर नोटिस का तामीला जरिए विशेष वाहक कराये जाने की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे।

सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती
(J.O.Code UP 2289)

Digitally signed by Atul Kumar Nayak
Date: 2020.08.25 16:55:17 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court